प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
19.05 गुरू दिनांक 12.06.2024

मुख्य समाचारः—

- केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि नीट परीक्षा में शामिल एक हजार पांच सौ तिरसठ विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक देने के फैसले को रद्द कर दिया गया है।
- विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि राज्य विधानसभा का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू हो सकता है।
- प्रदेश में सोलह जून से पंद्रह अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध रहेगा।
- कांग्रेस ने कहा कि राज्य में बिजली कटौती को लेकर आंदोलन करेगी।

<u>सर्वोच्च न्यायालय—नीट</u>

केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एक हजार पांच सौ तिरसठ नीट—यूजी के छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया गया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे, उनके पास तेईस जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेंसी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसिलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम तीस जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट—यूजी प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

इस बीच, केन्द्र सरकार ने कहा है कि नीट—यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। सरकार ने परीक्षा में किसी भी तरह की गड्बडी के आरोपों से भी इंकार किया है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

विस–मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू होने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानसून सत्र के लिए तारीख तय कर ली है। इस संबंध में अधिसूचना जल्द जारी होगी।

आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुई बैठक में नवा रायपुर में निर्माणाधीन नये विधानसभा भवन, विधायक विश्राम गृह और विधानसभा के अधिकारियों–कर्मचारियों के आवास निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर डॉक्टर सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नये विधानसभा भवन की उर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए सोलर सिस्टम लगाने, परिसर में वृक्षारोपण करने, वाटर हार्वेस्टिंग के उपाय करने के साथ ही निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के बताया कि नया विधानसभा भवन अगले साल मार्च या अप्रैल तक बनकर तैयार हो जाएगा।

मत्स्याखेट–प्रतिबंध

वर्षा ऋतु में मछलियों में होने वाले प्रजनन को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में सोलह जून से पंद्रह अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान सभी नदियों, नालों और छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय बने हुए हैं, उनमें केज कल्चर के अलावा सभी प्रकार के मछली पकड़ने के तरीकों पर अगले आदेश तक प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत जिनका संबंध किसी नदी–नाले से नहीं है, के अलावा जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत एक साल की सजा अथवा दस हजार रूपए का जुर्माना या दोनों लगाए जाने का प्रावधान है।

ईडी–छापा

प्रदेश में कथित चावल घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज राजनांदगांव शहर के एक अनाज कारोबारी मनोज अग्रवाल के घर पर छापा मारा। वे जिला राईस मिल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह पांच बजे ईडी की पांच सदस्यीय टीम व्यापारी के घर पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू की। ईडी की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। इससे पहले, ईडी ने मनोज अग्रवाल के डोंगरगढ़ स्थित निवास पर बीते आठ और नौ जून को दबिश देकर दस्तावेजों की जांच की थी।

बलौदाबाजार घटना–कांग्रेस दल

गिरौदपुरी में जैतखाम में तोड़फोड़ की घटना और बलौदाबाजार में कलेक्टर–एसपी कार्यालय में आगजनी की घटना का निरीक्षण करने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधायक और पदाधिकारी कल चौदह जून को बलौदाबाजार जाएंगे। इन नेताओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हैं। कांग्रेस के नेता घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ स्थानीय नागरिकों से चर्चा करेंगे।

कांग्रेस–आरोप

कांग्रेस ने राज्य सरकार पर प्रदेशभर में बिना कारण विद्युत कटौती किए जाने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले छह महीने में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है, उल्टे बिजली का बिल बढ़ा दिया गया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि बिजली कटौती को लेकर प्रदेश में जल्द ही पार्टी द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

राष्ट्रीय आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन और प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आम महोत्सव का कल कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने शुभारंभ किया। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी और जलवायु सभी प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अन्य फसलों के साथ ही किसान आम की विभिन्न किस्मों की खेती भी कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बीजापुर की मूल किस्म हाथीझूल की तारीफ करते हुए कहा कि आम की इस किस्म का एक फल तीन से चार किलो वजन का होता है। उन्होंने संचालक उद्यानिकी को निर्देश दिये कि हाथीझूल किस्म के उत्पादन को बीजापुर के अलावा अन्य जिलों में भी बढ़ावा दिया जाए।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने कहा कि इस आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों की तीन सौ सत्ताईस किस्म के आमों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और छात्रों द्वारा निर्मित आम के छप्पन व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

आईआईएम–कार्यक्रम

भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम रायपुर ने नौसेना के अधिकारियों के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन पर छह महीने के प्रमाण–पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को रक्षा मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के पहले बैच में तीस नौसेना अधिकारी शामिल हुए। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में समकालीन और उभरती वैश्विक प्रथाओं से परिचित कराना था।

ओपन स्कूल–परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी की मुख्य तथा अवसर परीक्षा अब वर्ष में तीन बार आयोजित होगी। प्रथम परीक्षा अप्रैल महीने में, द्वितीय परीक्षा अगस्त में और तृतीय परीक्षा नवंबर में ली जाएगी। इसी वर्ष अप्रैल महीने में आयोजित परीक्षा की भांति द्वितीय परीक्षा और तृतीय परीक्षा में सामान्य, क्रेडिट, आर.टी.डी और अवसर के परीक्षार्थी नियमानुसार शामिल हो सकते हैं। ओपन स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि अगस्त में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि तीस जून निर्धारित की गई है।

ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के कोतरलिया रेलवे स्टेशन के डाउन ग्रिड को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी तलाईपल्ली माईंस लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से बाईस से तीस जून तक इस मार्ग पर बाईस ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। इनमें रायगढ़–बिलासपुर–रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, टाटानगर–बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस, संतरागाछी–जबलपुर–संतरागाछी एक्सप्रेस और बिलासपुर–पटना–बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। वहीं, योगनगरी ऋषिकेश–पुरी उत्कल एक्सप्रेस और दुर्ग–आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस देरी से रवाना होंगी। इसके अलावा छह ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

रक्तदान शिविर

कल विश्व रक्तदान दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने युवाओं से रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर साल चौदह जून को विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित पूरी दुनिया रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व रक्तदान दिवस मनाती है। श्री साय ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि रक्तदान महादान होता है और रक्तदान करने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है।

महंगाई भत्ता

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्त और कलेक्टरों को अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को बीते एक जनवरी से पुनरक्षित दरों पर पचास प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा एक जनवरी से छियालीस से पचास प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है।

मौसम

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा बिहार के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में एक–दो स्थानों में गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

इस बीच, मानसून बस्तर संभाग के सुकमा से आगे बढ़ते हुए बीजापुर तक पहुंच गया है।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के इलाज की सुविधाओं के मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों में नवजात शिशुओं के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

- दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चौदह जून से रायपुर में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा नालंदा परिसर में सुबह सात से आठ बजे तक होगा।

- जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा अट्ठारह जून को पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में सुबह ग्यारह बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

- जांजगीर के चांपा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

- गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की पुलिस ने एक वाहन से चौदह सौ लीटर से अधिक शराब जब्त की है। बताया जा रहा है कि यह शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थी।

<><><><><><><>